संक्षिप्त

स्कूल में दिनदहाड़े चोरी का प्रयास

मालपुरा, (निसं)। टोडारायसिंह शहर में संचालित एक निजी विद्यालय में शातिर चोरों ने रैकी कर दिनदहाडे चोरी का प्रयास किया जो विफल रहा। ग्रामीणों ने बताया कि टोडारायसिंह शहर के जयपुर रोड पर कमला नेहरू कॉलोनी में संचालित निजी विद्यालय में शातिर चोरों ने नाले की साईड से जंगला खोलकर स्कूल में घुसने व चोरी की वारदात को अंजाम देने का प्रयास करने के दौरान ही चोरों को विद्यालय के पडोस मे रहने वाले लोगो द्वारा आवाज लगाने व चिल्लाने पर शातिर चोर मौके से भाग छुटे। सुचना पर पहुंचे विद्यालय प्रशासन ने सीसीटीवी कैमरे देखे तो तीन नाबालिग जो कि चोरी का प्रयास करने के दौरान जाग होने पर मौके से भाग छुटे। सारा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गया। पुलिस फुटेज के आधार पर दिनदहाडे चोरी करने वाले तीनो नाबालिग की तलाश में जुट गई।

सीसी रोड बनवाने की मांग

टोंक, (निसं)। पीपलू उपखंड की ग्राम पंचायत जौला के दौलतपुरा मैं श्मशान भूमि के रास्ते पर कीचड जमा होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। ग्रामीण मोरपाल बारवाल, मुकेश लांगडी, घासी, आशाराम, लवकुश, दिलबाग, लक्ष्मण, खुशीराम, राजेश, रामरतन, सीताराम, धर्मराज आदि ने बताया बरसों से श्मशान घाट को जाने वाले रास्ते पर सीसी रोड नहीं बनने से शवयात्रा को लेकर जाने व ग्रामीणों को अपने खेतों पर जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। पूर्व में भी विधायक, सांसद व प्रशासन को कई बार अवगत करवाया गया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों ने विधायक से सीसी रोड बनवाने की मांग की है।

ज्ञापन सौंप पट्टा जारी करने की मांग

दूदू, (निसं)। जिले के अधीन ग्राम पंचायत धांधली के पूर्व सरपंच एवं संघर्ष संस्थान के अध्यक्ष शिवजी राम गुर्जर के नेतृत्व में बागरिया जाति के प्रतिनिधि मंडल ने घुमंतू जाति के परिवारों को पट्टा जारी करने की मांग को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार एवं उपखंड अधिकारी योगेश सिंह देवल को ज्ञापन पेश किया। ज्ञापन में अवगत कराया की सरकार द्वारा गुमानती जाति के परिवारों को पट्टा जारी करने के निर्देश दिए गए हैं की पालना में गरीब परिवार को पट्टे जारी किए जाएं। इस दौरान प्रदेश सचिव रामलाल बागरिया एवं प्रहलाद भगोरिया स्वयंसेवक विमला देवी आचार्य सहित जाति के परिवारजन मौजूद रहे।

प्रतिभावानों का सम्मान समारोह

बौंली-बामनवास, (निसं)। वैष्णव सेवा संघ नगर परिषद सवाईमाधोपुर का पुस्तक विमोचन एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह एक मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वैष्णव सुप्रभात नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक में नगर परिषद सवाई माधोपुर के परिवारों एवं 577 बाहरी सामाजिक लोगों का सर्वे प्रकाशित किया गया है। पुस्तक के अंदर विभिन्न विभागों के दूरभाष नंबर भी शामिल है। कार्यक्रम में 13 छात्र-छात्राओं को सम्मान के रूप में प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि प्रदान की गई है। कार्यक्रम में सर्वाधिक राशि 2650 की छात्रा ईशा वैष्णव निवासी सवाई माधोपुर खेरदा को 12वीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर दी गई है।

छापरवाडा बांध पर चादर चली

दूदू, (निसं)। जिला मुख्यालय दूदू एवं प्रदेश के मशहूर सिंचाई विभाग के अधीन छापरवाडा बांध में करीब 30 वर्षों बाद भराव क्षमता 17 फीट आ गई है। पूरा भर जाने के बाद क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर छा गई है। इस बांध से दूदू, फागी, मोजमाबाद मालपुरा क्षेत्र के किसानों को फसलों में सिंचाई का लाभ मिलता है। मंगलवार को छापरवाडा बांध पर लगे मापयंत्र पर 17 फुट पानी आने के बाद चादर झलकने लगी। बांध पर पिकनिक मनाने वालों की भीड भी आने लगी है इतना ही नहीं लोग बांध की चादर पर बैठकर स्नान करते नजर आ रहे हैं। प्रशासन एवं विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के तहत मुख्य द्वार पर ताला लगाकर अंदर जाने पर रोक लगाने का बोर्ड भी लगा रखा है के बावजूद भी इधर-उधर से आम लोग वाहनों से व पैदल जाकर पिकनिक बनाने का आनंद ले रहे हैं। उपखंड अधिकारी बीरबल सिंह का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मी भी तैनात कर रखे हैं।

लाइनों में हो रहे लीकेज से फुलेरा की बिगड़ी पेयजल व्यवस्था

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा में काफी दिनों से जल वितरण व्यवस्था का रोस्टर बिगडा हुआ है। जबकि विभाग द्वारा नगरवासियों को पेयजल सुविधा दिलाने के लिए अलग-अलग एरिया में बडी पानी की टंकियां भी बना दी गई। इसके बावजूद भी क्षेत्र में जलदाय विभाग द्वारा क्षेत्रवासियों के लिए की जा रही पेयजल सप्लाई इन दोनों चरमराई हुई नजर आ रही है।

जिसका देखने और सुनने के बाद मुख्य कारण यह सामने आया कि पाइप लाइनों में जगह जगह के लीकेज, फुलेरा की बिगडी पेयजल सप्लाई में सहायक हो रहे है। इसकी ओर प्रशासन का तनिक भी ध्यान नहीं जा रहा है। इसके चलते फुलेरावासियों को 3 दिन बाद भी कम प्रेशर से सिर्फ 25-30 मिनट ही पानी मिलने से लोगों को अपने स्तर पर महंगे भावों में पानी के टैंकर मंगवाने पर मजबूर होना पड रहे है। इसके अलावा पिछले दिनों तो करीब 72 घंटे में पेयजल सप्लाई होना पाया जा रहा था। इसके बाद 60 घंटे से इस तरह से सप्लाई में अनियमितता पाई जा रही है।

इसके साथ ही क्षेत्र में पानी वितरण की बिगडी व्यवस्था पर विभाग में अधिकारियों से मालूम किया जाने पर पानी आगे से ही कम मिलने की बात कही जाती है। संबंधित अधिकारी से बात करने पर बताया कि पानी उपलब्धता की कमी के कारण पेयजल सप्लाई 72 घंटे से की जा रही थी। परन्तु अब 60 घंटे से की जा रही है।

साथ ही आगे बताया कि पेयजल की उपलब्धता बढने के बाद जल्दी ही पूर्व की भांति 48 घंटे से पेयजल सप्लाई सुचारू कर दी जायेगी। वहीं आगे बताया कि क्षेत्र में हो रहे पेयजल सप्लाई के पाइप लीकेज को भी जल्दी ही दुरूस्त कर दिया जायेगा। साथ आगे बताया कि क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर करने के लिए उच्चाधिकारियों को भी अवगत करवाया है।

फुलेरा में पाईप लाईन लीकेज से व्यर्थ हजारों लीटर पेयजल बह रहा है।

- 60 घंटे बाद पेयजल सप्लाई मिलने से जनता हो रही है परेशान

शिविर का आयोजन छह को

टोंक, (निसं)। भारत सरकार की एडिप योजना एवं जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा निर्देश पर जिले ब्लॉक पीपलू में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों के निःशुल्क वितरण के लिए शिविर 6 सितंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक धर्मराज प्रतिहार ने बताया कि शिविर में एल्मिकों कानपुर की टीम ने विशेष योग्यजनों को उपकरण वितरण के लिए चिन्हित किया। उप निदेशक ने बताया कि शिविर का आयोजन बुधवार को ग्राम झिराना के अटल सेवा केंद्र में, गुरुवार को अटल सेवा केंद्र कठमाणा में तथा शुक्रवार को अटल सेवा केंद्र ग्राम सोहेला में आयोजित किया जाएगा।

अपराधों की रोकथाम पर एडीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

कोटपूतली, (निसं)। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजीपी (हाऊसिंग) बिनीता ठाकुर मंगलवार को कोटपूतली-बहरोड जिले के दौरे पर रही। जहाँ उन्होंने कोटपूतली में जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपराध की रोकथाम को लेकर पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।

एडीजीपी ने रेंज के सभी एसपी व एएसपी के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन कर महिलाओं संबंधित अपराध की रोकथाम को लेकर विशेष चर्चा कर महिलाओं पर हो रहे अपराधों को कैसे रोका जा सकता है, इसको लेकर दिशा निर्देश दिये। साथ ही सभी शहरों में बाहरी लोगों के आवागमन की रोकथाम कर उनकी पहचान कर आपराधिक गतिविधियों में पाये जाने पर उनके खिलाफ ठोस कार्यवाही की जायें। वहीं हरियाणा राज्य में आगामी दिनों में विधानसभा चुनाव को लेकर बॉर्डर पर अवैध गतिविधियों की रोकथाम को लेकर विशेष गश्त लगाकर मादक पदार्थ व करेंसी के आवागमन की रोकथाम को लेकर दिशा निर्देश दिये। बैठक में जयपुर रेंज आईजी अनिल टांक, कोटपूतली-बहरोड़ एसपी वंदिता राणा, खैरथल-तिजारा एसपी मनीष चौधरी, भिवाड़ी एसपी ज्येष्ठा मैत्रीयी, अलवर एएसपी तेजपाल सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

एडीजीपी (हाऊसिंग) बिनीता ठाकुर ने विभागाधिकारियों की बैठक ली।

- एडीजीपी ने कोटपूतली-बहरोड़ एसपी कार्यालय में ली बैठक

अनाथ बालिकाओं की छात्रवृत्ति हेतु आवेदन तिथि 15 तक

दौसा, (निसं)। आरपीएससी शिक्षक फोरम राजस्थान जिला दौसा के तत्वावधान में दौसा ब्लॉक की सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत अनाथ बालिकाओं को छात्रवृत्ति दी जावेगी। इधर फोरम ने मंगलवार को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरु कर दी है तथा आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर तय की गई है।

फोरम के जिला अध्यक्ष प्रहलाद फाटक्या व जिला संयोजक कैलाश शर्मा ने बताया कि सम्मान के अंतर्गत छात्रवृत्ति के रूप में 21-21 सौ रुपये नगद, वस्त्र, वर्षभर की शिक्षण सामग्री प्रदान की जाती है। जिला प्रवक्ता अभय सक्सैना ने बताया कि मंगलवार को स्कूली बालिकाओं द्वारा आवेदन फार्म जारी किया गया, साथ ही बालिकाओं ने अपील कि इस कैटेगरी में आने वाली छात्राएं 15 सितंबर तक आवेदन कर सकती हैं। महिला मंत्री मीनाक्षी मल्होत्रा ने बताया कि फोरम द्वारा सम्मान हेतु आवेदन फार्म जारी किया गया है जिसमें छात्रा का नाम, माता/पिता का नाम, कक्षा, एस आर रजिस्टर क्रमांक, विद्यालय का नाम आदि शामिल है, आवेदन फार्म को संबंधित संस्था प्रधान द्वारा प्रमाणित करना आवश्यक है। जिला मंत्री घनश्याम चौबदार ने बताया कि आवेदन फार्म फोरम पदाधिकारियों को जमा करा सकते हैं या 9461619518, 9571303110, 9460138598, 9460067722 व्हाट्सएप नंबर पर भी भेज सकते हैं।

स्कूली बालिकाओं द्वारा आवेदन फार्म जारी किया गया।

अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी

चौरु/उनियारा, (निसं)। उनियारा पंचायत समिति उनियारा मुख्यालय अलीगढ तथा ग्राम पंचायत बिलोता से संबंधित प्रकरण के जांच परिवादों में सामाजिक कार्यकर्ता परिवादी शिवराज बारवाल मीणा द्वारा प्रशासन को जनहित समस्याओं व मुद्दों पर लिखित में दिये गए परिवादों के जांच रिकॉर्ड में उनियारा पंचायत समिति तत्कालीन बीडीओ व जांच अधिकारी सहायक विकास अधिकारी सहित वर्तमान कार्यवाहक बीडीओ समेत संबंधित प्रकरण में उनके अधीनस्थ कार्मिकों द्वारा जांच रिकॉर्ड में फेरबदल करने तथा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए नरेगा समेत निर्माण कार्यों व पीएम आवास योजना में जमकर फर्जीवाडा करने, सहादत नगर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन के नवनिर्माण कार्यों में की गई धांधली, अनियमितताओं, गबन व भ्रष्टाचार की जांच को पंचायत समिति के जिम्मेदारों द्वारा प्रभावित कर आरोपियों को ही जांच कमेटी में शामिल करने के विरूद्ध तथा जांच रिकॉर्ड को बदलकर जिम्मेदारों द्वारा अपने काले कारनामों को छुपाने की नीयत से उपखण्ड व जिला प्रशासन सहित शासन-प्रशासन को भ्रमित कर गुमराह करने वाले आरोपी अधिकारियों व कार्मिकों के विरूद्ध विभागीय व कानूनी कार्रवाई करने समेत धांधली, अनियमितताओं व फर्जीवाडे को बढावा देने वाले लोक सेवकों के विरूद्ध 1 सितंबर से पंचायत समिति मुख्यालय अलीगढ पर परिवादी द्वारा पंचायत समिति के जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मिकों की कार्यशैली से परेशान होकर एक सितंबर से शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। धरने पर आसपास के लोगों एवं ग्राम पंचायत चौरु पूर्व सरपंच बुद्धि प्रकाश मीणा का समर्थन भी मिला है। लगातार तीन दिन से जारी अनिश्चितकालीन धरने पर किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने धरना स्थल पर आकर धरनार्थी की कोई सुध नहीं ली है।

डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग व्यापक प्रचार करे : एडीएम

खैरथल, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा पर मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने विभाग वाइज अधिकारियों से समीक्षा कर कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी लेते हुए कार्यों को समय अवधि में पूरा करने के लिए निर्देशित किया।

मंगलवार को जिला सचिवालय पर अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ले रहे अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, कोऑपरेटिव विभाग, राजीविका सहित अन्य विभागों के कार्यों के लक्ष्यों की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर गत बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना में किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बिजली, पेयजल, अवैध खनन, पशु टीकाकरण, मनरेगा, पौधारोपण, सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने मानसून सीजन को दृष्टिगत रखते हुए मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के ट्रांसमिशन सीजन होने से इन बीमारियों के नियंत्रण व रोकथाम हेतु जिले में व्यापक स्तर पर एन्टीलार्वा गतिविधियां आयोजित करने करने के संबंध में डीसीएमएचओ को निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा लोगों को मौसमी बीमारियों बचाव के लिए जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए जिससे डेंगू एवं मलेरिया जैसी मौसमी बीमारी के फैलाव को फैलने से रोका जा सके। इसी के साथ अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज होने वाले प्रकरणों को तय समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश प्रदान किए हैं। उन्होंने पोर्टल पर प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने तथा त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर दिए गए निर्देशों की शीघ्र पालना सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को बजट घोषणाओं के भूमि आवंटन संबंधित जानकारी ली और क्रियान्वयन किस चरण में है इसकी भी विस्तृत जानकारी ली। बैठक के दौरान कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, शिक्षा अधिकारी राजकुमार जैन, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग भूरी सिंह, समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मेंद्र यादव, नगर परिषद आयुक्त श्याम बिहारी गोयल , उपनिदेशक श्रम विभाग राकेश चौधरी, जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी, कृषि विभाग, बैंक सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेन्द्र सिंह यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

- बिजली, पानी, चिकित्सा सहित सभी विभागों की समीक्षा की

सार-समाचार

ज्ञापन सौंप मुआवजे की मांग

टोंक, (निसं)। पीपलू उपखण्ड के किसानों ने ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी पीपलू को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि पीपलू उपखण्ड में अतिवृष्टि से हुई जनहानि, पशुधन सहित किसानो की फसलों में हुए नुकसान का मुआवजा दिलवाने की मांग की है। आगे मांग पत्र में बताया कि इस मानसून में औसत से डेढ गुणा बारिश हुई जिससे अतिवृष्टि के कारण कई जगह जनहानि एवं पशुधन हानि सहित किसानो की फसल को भारी नुकसान हुआ है, इसके साथ क्षैत्र में बहने व डुबने से मृत्यु तक हुई है। कई गरीबो के कच्चे मकान गबह गए और पशुधन पानी में बह गए है। अतिवृष्टि के कारण सम्पूर्ण उपखण्ड में किसानो की फसल पानी में डुबने के कारण पूर्णतया नष्ट हो गई। इस ज्ञापन के दौरान कई किसानो के साथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हरीप्रसाद बैरवा व कांग्रेस कमेठी के बृजलाल मीणा, जयनारायण मीणा ब्लॉक अध्यक्ष पीपलू व समस्त कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद थें।

दौसा अंडर 16 टीम प्री क्वाटर फाइनल में

दौसा, (निसं)। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में जयपुर में आयोजित अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता में दौसा की टीम ने अपने लीग मुकाबले में पहले मैच में टोंक को चालीस रन से हराकर प्री क्वाटर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दौसा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 181 रन पर ऑलआउट हो गई। दौसा की ओर से कप्तान शौर्य सिंह चौहान ने सर्वाधिक 42 रन बनाये। वही टोंक की टीम 141 रन पर आल आउट हो गई। दौसा की ओर से जतिन सैनी और मोहित बैरवा ने तीन-तीन विकेट लिए ,रितिक शर्मा ने दो विकेट लिए। ज़िला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि आज अपने दूसरे मैच में दौसा ने बूंदी को 7 विकेट से हराया। बूंदी की पूरी टीम 130 रन पर ऑलआउट हो गई जबकि दौसा की ओर से केशव जोशी ने तीन विकेट लिए मोहित और रितिक ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में दौसा ने तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया दौसा की ओर से कप्तान शौर्य सिंह चौहान ने 66 रन की पारी खेली। दौसा का अगला मुकाबला 4 तारीख को करौली के खिलाफ है दौसा की टीम लगभग प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण आज

पावटा, (निसं)। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह व क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड सहित जन प्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों एवं भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में योजना से बनी सडकें व पेयजल योजना कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास समारोह पूर्वक किया जायेगा। जिसमे गाँव कल्याणपुरा (शिव मंदिर से) जोधपुरा (किशोर नेहरा की ढाणी) सडक निर्माण का शिलान्यास, गाँव कल्याणपुरा (जोधपुरा) में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत पेयजल योजना का लोकार्पण, दादा का बास (चौबाला) में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत पेयजल योजना का लोकार्पण, मंढा (संतोषी सडक से) भोमियाँ जी होते हुए प्रेमनगर सडक निर्माण का शिलान्यास, ?संतोषी सडक (कैरोडी) से प्रधान मैरिज गार्डन, कैरोडी में सडक निर्माण का शिलान्यास, भोजावास (वीरतेजाजी नगर) में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत पेयजल योजना का लोकार्पण, सितोपसिंहपुरा (वीरतेजाजी नगर) से स्वामियों की ढाणी, कैमरिया (तुलसीपुरा) वाया बावरियों की ढाणी सडक निर्माण का शिलान्यास किया जायेगा। जिसे लेकर क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने कहाँ कि करोडों से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

दो दिन पांच घंटे रहेगी विद्युत कटौती

मालपुरा, (निसं)। जयपुर विधुत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय मालपुरा सहायक अभियंता ने बताया कि 132 केवी जीएसएस केकडी रोड पर विधुत लाईनों के आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते 4 व 5 सितम्बर को प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक मालपुरा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में रहेगी विधुत कटौती। पांच घंटे की विधुत कटौती को देखते हुये जलदाय विभाग डिग्गी ने पेयजल आपूर्ति के लिये दो दिन का टाईम-टेबिल जारी किया है।

विभिन्न दुकानों से 150 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त

नगर परिषद की कार्यवाही से स्थानीय दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय नगर परिषद ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाते हुये मंगलवार को कस्बे में विभिन्न दुकानों से 150 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त की है। नगर परिषद की इस कार्यवाही से स्थानीय दुकानदारों में हडकम्प मच गया। नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट के निर्देशन में एएफओ सत्यनारायण वर्मा ने टीम के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही करते हुये विभिन्न दुकानों से सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त की। इस दौरान पोलीस्टाइरीन व विस्तारित पोलीस्टाइरीन वस्तु सहित एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तु की रोकथाम के लिए निगरानी टीम ने आजाद चौक, पूतली रोड, डाबला रोड, मुख्य बाजार, राष्ट्रीय राजमार्ग, फ्लाई ओवर के नीचे व आसपास राशन की दुकानों, फल व सब्जी की दुकानों, ठेला-खोमचा आदि का निरीक्षण किया। नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने सभी दुकानदारों से अपील की है कि वे सरकार की प्लास्टिक मुक्त कोटपूतली मुहिम में सहयोग करें। सामान की खरीदारी के लिए कपडे या जूट का थैला साथ लेकर आयें। स्वच्छ व स्वस्थ कोटपूतली नगर बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने बताया कि कोटपूतली शहर में लगातार सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा।

- नगर परिषद का सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान